an>

Title: Need for construction of an R.C.C. bridge over the Ghats of Gadariya, Abrahimpur of Madhuban block in East Champaran district of Bihar.

श्रीमती रमा देवी (शिवहर): अध्यक्ष महोदया, मेरे संसदीय क्षेत्र के पूर्वी चम्पारण जिले के मधुबन प्रखंड का गड़हिया, इब्राहिमपुर ग्राम आजादी के बाद भी आज तक विकास से उपेक्षित रहा है तथा आज भी यहां के लोग जिला मुख्यालय मोतीहारी तथा उत्तर बिहार के मुख्य शहर मुजफ्फरपुर से अलग-थलग पड़े हुए हैं। यहां के लोगों को उपचार हेतु या फिर किसी भी कारण से शहर जाने के लिए लगभग 50 कि.मी. की दूरी तय कर जाना पड़ता है। वर्षा के दिनों में तो स्थिति और भी बदतर हो जाती है। शहर के सड़क मार्ग अलग-थलग हो जाने के कारण समुचित उपचार के अभाव में कई जानें चली जाती हैं। यदि इस प्रखंड के इब्राहिमपुर घाट पर आर.सी.सी. के बड़े पुल का निर्माण कर दिया जाता है तो यहां की लगभग 40 हजार आबादी को काफी लाभ मिलेगा। उक्त पुल के निर्माण से गड़हिया, इब्राहिमपुर घाट से मेहसी प्रखंड की बड़ी आबादी, मुजफ्फरपुर जिला का साहेबगंज, शिवहर जिला, सवाईपट्टी व तेतरिया के साथ-साथ नेपाल से सीधे तौर पर जुड़ जाएगी जिससे उक्त क्षेत्रों के सर्वांगीण विकास में सहायक सिद्ध होगा। इस पुल के निर्माण की महता का अंदाजा इस से ही लगाया जा सकता है कि यहां की आबादी बिहार की राजधानी पटना से भी जुड़ जाएगी जो यहां के विकास से महरूम जनता के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा।

अत: सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि पूर्वी चम्पारण जिला के मधुबन प्रखंड के गड़हिया, इब्राहिमपुर घाट पर एक आर.सी.सी. पुल का निर्माण कराया जाए जिससे यहां के लोगों को सुविधा मिलने के साथ-साथ उक्त क्षेत्र का भी विकास संभव हो सके।